**खबर संक्षेप**

### 28 जनवरी को भाजपा की गांव चलो अभियान की बैठक आयोजित

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में गांव चलो अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की योजना तय करने हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी एवं गांव चलो अभियान के संयोजक श्री अशोक नानकानी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे से गांव चलो अभियान हेतु बैठक आयोजित की गयी है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि गांव चलो अभियान के माध्यम से नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता पहुचेंगे, बैठक में गांव चलो अभियान के सह संयोजक, मण्डल संयोजक, मंडल सह संयोजक जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, सभी जनप्रतिनिधि, तीनों विधानसभा की प्रबंध समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर 29 से

**मण्डला।** लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 29 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में अपने कार्यालय में नवंबर 2023 तक के लंबित प्रकरण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित हुआ विविध आयोजन

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस








*** केबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने फहराया ध्वज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गणतंत्र दिवस समारोह जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड मंडला में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया तथा मुख्यमंत्री जी के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने सफेद, केसरिया एवं हरे रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर किया और पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई तथा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। समारोह में सशस्त्र बलों और अन्य प्लाटूनों द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया। मार्चपास्ट में एसएएफ 35वी वाहिनी, जिला पुलिस बल तथा जिला महिला पुलिस बल, होमगार्ड मंडला, वन विभाग मंडला, एनसीसी सीनियर डिवीजन एनसीसीआरडी एवं अन्य दल शामिल हुए। परेड का नेतृत्व आरआई सुनील नागवंशी ने किया। मुख्य अतिथि संपतिया उइके ने परेड की सलामी ली तथा मार्चपास्ट के बाद प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी छात्रों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवक और खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में जिले के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

### विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई आकर्षक झांकियाँ

पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। झांकियों में विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्यविभाग, जल-जीवन मिशन, वन विभाग, रेशम एवं शिक्षा तथा पुलिस विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित झाकियों का प्रदर्शन किया गया। झांकी प्रदर्शन में कृषि विभाग को प्रथम, पीएचई को द्वितीय तथा यातायात विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेलवेदर स्कूल को प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बेलवेदर स्कूल को प्रथम, भारत ज्योति विद्यालय को द्वितीय तथा रानी अवंती बाई विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड के प्रथम ग्रुप में जिला पुलिस बल को प्रथम, 148वी बटालियन को द्वितीय तथा होमगार्ड एवं एनसीसी जूनियर डिविजन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार द्वितीय ग्रुप में गाईड को प्रथम, ट्रेफिक मित्र एवं नगर रक्षा समिति को द्वितीय तथा स्काउड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर, जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति शैलेष मिश्रा, भीष्म द्विवेदी, अनुराग चौरसिया, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







### पतंजली योग समिति ने किया सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** शनिवार को पतंजलि योग समिति सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी के सम्मान में रपटा घाट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया गया कि पतंजली योग समिति द्वारा ऐसे कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। रामनाथ वायाम कुछ दिनों पहले ही एलआईसी में सहायक ग्रेड-01 में रहते हुए 35 साल की सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। अपने सेवाकाल में उन्होंने शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, जबलपुर आदि स्थानों में सेवाएं दी। रामनाथ व्याम योग शिक्षक भी हैं। उनके सम्मान में पतंजली योग समिति मंडला द्वारा रपटा घाट में शनिवार को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुनील बाली, राजेन्द्र उपाध्याय, सम्मत श्रीवास, केडी दुबे, विनोद पटैल, राम गोपाल पटैल, अनिल वर्मा, सुबोध जैन, राहुल दुबे आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर हुए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



26जनवरी गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ नगर में हर्षोल्लास के साथ बनाई गईं,नगर का मुख्य समारोह कन्या हाई स्कूल के ग्राउंड में किया गया, जहां क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा के मुख्य अतिथिय में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती चित्र धुर्वे की विशिष्ट आतिथ्य में जनपद अध्यक्ष श्रीमति सकुना उइके ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया नगर के स्कूल शालाओं के छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी जनपद अध्यक्ष और अनुभागीय अधिकारी सर्जन यादव ने ली वही शांति के प्रतीक गुब्बारे कबूतर छोड़े गए, इस अवसर पर नगर के शासकीय असाकाय सलाओ के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सामूहिक डांस की मनमोहन प्रस्तुतिया दी अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम के अंत में नगर के विभिन्न शालाओं कार्यालयों की झांकियां प्रस्तुत की गई जो एक से बढ़कर एक थी झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर मंचासीन अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया कार्यक्रम में कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया कार्यक्रम में परेड पीटी का ज द र द स्त प्रदर्शन पीटीआई मंगल दास टंडिया, विजय र घु वा सी बलवीर मरावी, शिव सोनवानी के द्वारा कराया गया, मंच का सफल संचालन आशीत लोध श्री मति अरूणा दीक्षित, बलरामपुरी गोस्वामी के द्वारा किया कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी प्रतिष्ठित नागरिक शिक्षक और गण मान्य नागरिक बड़ी तादाद में उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर में सभी जगह शासकीय आशाकीय कार्यालयो, शालाओं में ध्वजा रोहन किया गया

## सी.एम. राइस स्कूल के ठेकेदार के द्वारा कैंपस के बाहर बेची जा रही मुरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नारायणगंज टिकरिया मे सी.एम. राइस स्कूल के भवन निर्माण के पूर्व पहाड़ी नुमा टीले को काट कर जमीन को समतलीयकरण किया जाना है जिससे भवन का निर्माण अच्छी तरह से हो सके।

ठेकेदार के द्वारा कटिंग की हुई मुरम को नारायणगंज टिकरिया सड़क में बन रहे मकानों को सप्लाई की जा रही है जिससे मुनाफा कमाया जा सके। इस प्रकार खनिज को बाहर बेंचा जा रहा है इससे ठेकेदार की जेब भी गर्म रहे और जवाब भी देना न पड़े। खनिज संपदा के निर्यात में प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है टिकरिया थाना के सामने से ट्रैक्टर मुरम को ले जा रहे है परन्तु प्रशासन गांधारी बना हुआ नजर आता है।

### नगर पालिका परिसर में भारत-पर्व कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिसर मंडला में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें लोक कलाकारों ने बहुआयामी लोक संस्कृति की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। भारत पर्व में बुंदेलखंडी लोकगीतों की हरिसिंह केवट व दल ने प्रस्तुति दी। इसी प्रकार नटराज टीम के कलाकारों श्रुति श्रीवास्तव, मेनका चौरसिया व साथियों द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। डिंडोरी से आये पतिराम मार्को लोककला दल द्वारा कर्मा शैला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। श्रोताओं ने लोकगीतों का आनन्द उठाया। स्थानीय कलाकारों ने भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कुशवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे, पार्षदगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।










**विवाद** | **10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं को लेकर जताई आपत्ति।**

# रात्रिकालीन मैच पर उठ रहे सवाल

*** बिना अनुमति हो रहा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



अंजनिया के शासकीय सी.एम. राइज विद्यालय के एक मात्र स्टेडियम खेल ग्राउंड में शासन के नियमों को दरकिनार रख यहां ओपन क्रिकेट प्रीमियर लीग नाइट मैच का टूर्नामेंट किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर खलल पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि इस मैच का आयोजन बीते दिवस दिनांक 20 जनवरी 2024 से रात्रिकालीन टूर्नामेंट के आधार पर किया जा रहा है जिसमें यह क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच में आयोजक समिति अंजनिया के युवा एवं संरक्षक चौकी प्रभारी अंजनियाँ को बनाया गया है पर इस दौरान सबसे बड़ी बात सामने यह आ रही है कि एमपी बोर्ड की 10वीं 12वीं परीक्षा 5 और 6 फरवरी से जारी है। ऐसे में इसी स्टेडियम ग्राउंड से 100 मीटर की दूरी पर आदिवासी फ्री मैट्रिक बालक छात्रावास और सी एम राइज का विद्यालय स्थित है। जिसमें भारी संख्या पर हॉस्टल के छात्र नाइट मैच पर सहभागिता दे रहे हैं और इसके अलावा अन्य गांव के विद्यार्थी छात्र इस टूर्नामेंट पर हिस्सा ले रहे जिससे उनकी पढ़ाई कहीं ना कहीं प्रभावित हो रही है।

जब इस संबंध में सी एम राइज विद्यालय प्राचार्य हेमंत राणा से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि मैच आयोजन समिति स्टेडियम ग्राउंड पर टेंट और बैनर, लडियाँ, पतंगी, लगाने के बाद हमारे पास पहुंची थी जिसमें इधर स्थानीय प्रशासन के संरक्षक का आवेदन हस्ताक्षर था। लेकिन वही इस ओर देखा जाए तो यह स्टेडियम ग्राउंड का संरक्षण (अंडर) केवल सी.एम. राइज विद्यालय के हाथो में है पर इसके लिए उनके द्वारा अपने तरफ से कोई भी एनओसी या पत्राचार मैच आयोजक समिति को नहीं दिया है। इससे इधर साफ स्पष्ट होता है कि यह रात्रि कालीन मैच का आयोजन राजनीतिक पार्टी के संरक्षण में रहकर करवाया जा रहा है।

### *इनका कहना है:-*

*हमारे द्वारा किसी भी प्रकार से ग्राउंड पर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट मैच को लेकर समिति को एनओसी नहीं दी गई है। ग्राउंड पर टेंट तंबू लगाने के बाद आयोजक समिति जानकारी देने और कुछ संरक्षक समिति के हस्ताक्षर आवेदक को लेकर पहुंची थी। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि 6 तारीख एमपी बोर्ड परीक्षा चालू होने के पहले मैच बंद करवा दिया जाएगा।*

***-हेमंत कुमार राणा ,प्राचार्य , सी.एम. राइज विद्यालय***

खबर संक्षेप

## वरिष्ठ मीसाबंदी जयनारायण साहू को एसडीएम ने श्रीफल शॉल से किया सम्मानित



**डिंडोरी** जिला की शहपुरा नगर के वरिष्ठ मीसाबंदी जयनारायण साहू को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शहपुरा एसडीएम निशा नापित शर्मा,एसडीओपी ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर तहसीलदार शहपुरा, एसडीओपी शहपुरा, थाना प्रभारी शहपुरा एवम मीसाबंदी का परिवार उपस्थित रहा।

## कनेरी गांव में पारंपरिक ऐतिहासिक मड़ई-मेला का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडौरी जिले के कनेरी गांव में गणतंत्र दिवस के दिन पारंपरिक ऐतिहासिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ई मेले में मध्यप्रदेश के कई जिलों के व्यापारी बड़ी संख्या में पहुंचे और अपनी दुकानें लगाई। मड़ई मेले के दिन क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग आए जिन्होंने अपने जरूरत के सामानों की जमकर खरीदारी की। अहीर नृत्य, झूले और रिकॉर्डिंग डांस लोगों के मनोरंजन और आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस क्षेत्र की प्रचलित मिठाई गुड़गप्पा की लोगों ने जमकर खरीदी की। कनेरी निवासी महेंद्र साहू ने बताया कि कनेरी गांव में वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन से यहां ऐतिहासिक मड़ई मेला लगता है जो कि लगातार दो दिनों तक चलता है।

## राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के तहत प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण एवं सम्बोधन

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सीमा सस्त्या की माध्यम से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता सम्मेलन पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का संबोधन आनलाइन लाइव प्रसारण प्रसारित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त नव मतदाता छात्र एवं छात्राओं ने यह संबोधन को देखा और सुना। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं की पूर्ण रूप से सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में देवप्रकाश उइके, रूपेन्द्र वरकड़े, डॉ. सुनील काकोडिया, डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल, डॉ. अदिति पिटानिया, दीपचंद गुप्ता, डॉ. पवन कुमार वर्मा, कैलाश लखेरा एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** फूलवती मांडवे उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम खितौली द्वारा थाना समनापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित सौर पैनल सिस्टम से चलने वाली पानी मोटर की तार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया हैं। जिसकी रिपोर्ट पर चैकी अमरपुर थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 32\24 धारा 379 ताहि का अपराध अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेंद्र कुमार बघेल पिता दिनेश कुमार बघेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम खितौली चैकी अमरपुर के कब्जे से चोरी की गई। 35 मीटर विद्युत तार 21 हजार रुपए कीमत की जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया हैं। कार्यवाही टीम चैकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अतुल हरदहा, प्रधान आरक्षक संतोष मरावी, आरक्षक गंगा यादव, आरक्षक उमेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शहपुरा में 75वां गणतंत्र पर्व उत्साह के साथ मनाया

## स्टेडियम में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने फहराया झंडा

देश का 75वा गणतंत्र पर्व पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया तय कार्यक्रम के तहत नगर के शहीद स्मारक में पहले वीर शहीदो को विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ,नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के द्वारा श्रद्वांजली दी गई।

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।





तत्पश्चात नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शिवनारायण सिंह चैहान के द्वारा ध्वजारोहण किया गया ,इसके बाद नगर के हदयस्थली गांधी चैक पर जनपद अध्यक्ष प्रिंयका आर्मो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके बाद मुख्य समारोह का आयोजन रानी दुर्गावती स्टेडियम में किया गया जहां पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया व मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया । कार्यक्रम की अगली कडी में विधायक के द्वारा परेड का निरीक्षण किया व परेड की सलामी ली ,इसके बाद पीटी का प्रदर्शन बच्चो के द्वारा किया ,कार्यक्रम की अगली कडी में समस्त विभागो के द्वारा बनाई गई झाकियो का प्रदर्शन किया गया जिसमें स्वास्थ्य ,ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी ,जल संसाधन ,क्रषि विभाग ,शिक्षा विभाग ,नगर पंचायत,जनपद पंचायत ,महिला बाल विकास व अन्य विभाग की झांकिया सम्मलित हुई ,कार्यक्रम की अगली कडी में नगर के सभी स्कूलो के बच्चो के द्वारा रंगारंग देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतिया दी गई कार्यक्रम के आखिर में सभी विभागो के कर्मचारियो को उत्क्रष्ट कार्य पर प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश सीताशरण यादव ,जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल ,एसडीएम निशा नापित शर्मा ,तहसीलदार पुष्पेन्द्र पंद्रे ,नायब तहसीलदार शैलेश गौर ,एसडीओपी मुकेश अबिंद्रा, मुख्यकार्यपालन अधिकारी गणेश पांडे सीएमओ ,कमलेश विजयवाल ,अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सभी संस्था प्रमुख द्वारा सुबह 7.30 बजे पुलिस चैकी में चैकीप्रभारी अतुल हरदा वन विभाग में अभिषेक गुप्ता रेंजर जनपद शिक्षा केंद्र में बीके चीचम खंड शिक्षा अधिकारीबाल विकास विद्या मंदिर में महेंद्र ठाकुर परियोजना कार्यालय में सीएस भवेदी सीडीपीओ कृषि विभाग में एमएस परस्ते,सी,एम राइस,में प्रदीप सुरीन प्रचार आजीविका परियोजना में राजेश पांडे ग्राम पंचायत में रामनाथ उद्दे सरपंच एवं सुबह 8.00 बजे जनपद पंचायत में हन्नु सिंह पट्टा जनपद अध्यक्ष 8.30 बजे रानी अवंती बाई चैक में संजय जागेला 8.45 में जय स्तंभ में श्याम जैन ध्वजारो के पश्चात मुख्य समारोह सी,एम,राइस प्रांगण में 9.00 बजे बाल विकास विद्या मंदिर द्वारा राम सीता लक्ष्मण हनुमान जामवंत की सजीव झांकी लाई गई जिसका मुख्य है अतिथि रूद्रेश, परस्ते अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा स्वागत एवं पूजन अर्चन पश्चातध्वजारोड़कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया तत्पश्चात सी,एम, राइस मॉडल स्कूल कन्या हाई स्कूल बाल विकास विद्या मंदिर अमर ज्योति एमएसजी एकेडमी अंग्रेजी माध्यम आश्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जो इसी बीच अनवर खान द्वारा देशभक्ति एवं राम जी की प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित शायरी से महफिल मैं समा,बांध दियाकार्यक्रम दोपहर 1.00 बजे तक निरंतर चलता रहा मंच का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक जाकिर हुसैन तुर्क द्वारा किया गया जहां सभी संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## शान से लहराया कांग्रेस कार्यालय में तिरंगा



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र ठाकुर द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय अमरपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं ब्लॉक और जिला, प्रदेशवासियों सहित सभी देशवासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा मैं उन सभी महानुभूतियों, स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं व अमर शहिदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। जिन्होंने देश की एकता, अखंडता, संप्रुभता को सुदृढ़ बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मालती तिवारी, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत हरदहा, राष्ट्रीय कांग्रेस किसान संगठन जिला उपाध्यक्ष देव सिंह भारती, युवा नेता प्रशांत ठाकुर, अंकित बर्मन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही खंभे की जगह पेड़ पर बांध दिए तार

### बरसात होने पर लगता है करंट, घटना के इंतजार में विभागीय अमला बना लापरवाह

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग अंतर्गत ग्राम पडरिया डोंगरी में बिजली विभाग का एक लापरवाही पूर्वक रवैया सामने आया है जिसमें विभागीय अमले के द्वारा जानकारी होने के बाद भी ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

यह है मामला- पडरिया डोंगरी के वार्ड क्रमांक 2 में चार माह पहले एक बिजली का खंभा टूट गया था और सरकारी महकमा जल्द बाजी में इमली के झाड़ में बिजली के तार बांध दिए और खंभा गड़ाना ही भूल गए। विदित हो कि ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में बरसात के मौसम में एक महिला को करंट लगा था और इसकी जानकारी विभाग को दी गई थी और विभागीय अमला जल्द ठीक करने कहा गया था पर विभागीय अमला लापरवाह बना हुआ है।



कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा- बस्ती की सकरी गलियों में लगे इमली के झाड़ पर बिजली के तार दौड रहा है वहीं लाख बोलने पर कोई कार्य नहीं हो रहा है जिससे यह समझ सकते हैं कि बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी कोई बड़ी घटना के इंतजार में हैं जिससे ग्रामीणों को किसी भी तरह की क्षति होने की प्रतीक्षा है। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कितनी जल्दी किया जाएगा या फिर बड़ी घटना का इंतजार रहेगा।



**इनका कहना है**

मेरी माता को बरसात के मौसम में इसी कनेक्शन के चलते करंट लग गया था जिसकी जानकारी बिजली विभाग के कर्मचारियों को दिया था फिर भी खंभा नहीं लगवाए जबकि हम खंभे के लिए गड्ढा खोद के रखे हैं

**- ग्रामीण**

इस मामले की जानकारी पूर्व में ही प्राप्त हुई थी खंभा दूसरी जगह रखा हुआ है इसलिए नहीं लाए थे जल्द ही खंभा लगाकर पेड़ से कनेक्शन हटा लिया जाएगा

**-धर्मेंद्र कुंदे, जेई, विद्युत वितरण केन्द्र गाडासरई**

## टिकरिया गांव में धूमधाम से मनाया गया 75 वे गणतंत्र दिवस

### छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिए भाग





हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

डिंडोरी जिला के शहपुरा जनपद क्षेत्र ग्राम टिकरिया गांव के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक स्कूल प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। वही ग्राम पंचायत भवन में पंचायत के प्रधान गोपाल सिंह तेकाम व उपसरपंच संदीप गौलिया ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । बच्चों ने विभिन्न प्रकार के देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पहली से लेकर आठवी तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, डांस प्रस्तुत किए। स्कूल के शिक्षको ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज की महत्ता बताई व बच्चों को देशभक्तों के जीवन से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपसरपंच संदीप गौलिया ने बच्चों को बताया कि 26 जनवरी 1950 को भारत को पूर्ण-राज्य का दर्जा मिला था।

## कलेक्ट्रेट सेवाकक्ष में संपन्न हुई खरीफ उपार्जन की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में खरीफ उपार्जन 2023-24 की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सहायक आयुक्त सहकारिता, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सर्वेयर्स सुपरवाइजर, सभी जे.एस.ओ. तथा संबंधित समितियों के प्रबंधक और प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने 20256 कृषकों से उपार्जित धान 733801 मात्रा क्विंटल के विरुद्ध परिवहन मात्रा 620150 क्विंटल की जानकारी ली। समीक्षा दौरान पाया गया कि परिवहन मात्रा का कुल 85 प्रतिशत है। इस संबंध में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि 31 जनवरी के पूर्व परिवहन का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित कर लिया जाए। उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक है कि परिवहनकर्ता द्वारा अधिक से अधिक ट्रक वाहन सर्वाधिक परिवहन हेतु शेष समितियां को लक्षित कर उन समितियों पर भेजे जाएं, ताकि परिवहन सुनिश्चित हो सके बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता तथा नोडल अधिकारी ब्ब्ठ को निर्देशित किया गया कि समिति स्तर पर परिवहन कार्य हेतु अधिक से अधिक मजदूरों की व्यवस्था की जाए। यह कार्य संस्था स्तर पर सुनिश्चित कर लिया जाए। समीक्षा में यह भी पाया गया है कि परिवहन की गई मात्रा के विरुद्ध आज दिनांक तक 581777 क्विंटल के स्वीकृति पत्रक जारी किए गए है जिसका प्रतिशत 80 है। स्वीकृति पत्रक में विलम्ब होने से अब तक विक्रेता किसानो के विरुद्ध 66 प्रतिशत किसानो को ही भुगतान हो सका है। इस कार्य में गति लाई जाए और अतिसीघ्र कृषकों के खातों में राशि का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए।





## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन समीक्षा बैठक ली, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने 5 फरवरी 2024 तक हस्तांतरित होने वाले नल जल योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ऐसे नल जल योजनाएं जहां की नल जल योजनाओं के हस्तांतरण में समस्या आ रही है। उन ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक का प्रशिक्षण आईएसए संस्था के माध्यम से कराने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल 346 बसाहट 89 हाट बाजार ग्राम, मेले, सी एस सी सेंटर में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही पेयजल परिवहन वाले ग्रामों में परिवहन के पूर्व पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। जहां परिवहन की विशेष आवश्यकता है, सर्वे कर ऐसे ग्राम पंचायत में आवंटित्त टैंकर से परिवहन कराने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि समस्याग्रस्त ग्रामों में निजी नलकूप अधिग्रहित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव करने के निर्देश दिये हैं। कुओं और झिरिया के मरम्मत कार्य हेतु जनपद पंचायतध्ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर मरम्मत कराने एवं क्लोरिनेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल को लेकर अनावश्यक चकाजाम करने के लिए उकसाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा केंद्र एवं मतदान केन्द्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने को कहा है। नल जल योजनाओं के प्लेटफार्म की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किए। जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाकर समस्या समाधान करने कहा गया है।

शहपुरा नगर पालिका में पेयजल व्यवस्था एवं निगरानी के लिये श्री राजेश गौतम सहायक यंत्री उपखण्ड शहपुरा एवं डिण्डौरी नगर पालिका के लिये श्री प्रमोद उपाध्याय सहायक यंत्री समनापुर को निर्देश दिए। स्टोर में आवश्यक सामग्री की जानकारी के लिये प्रभारी नियुक्त करने कहा गया है, ताकि समय से सामग्री उपलब्ध हो सके। विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करने के लिये प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गए। सी.एम. हेल्पलाईन की शिकायतों का निराकरण समय पर करने के निर्देश दिए।जिन ग्राम पंचायतों के द्वारा जल कर की विधिवत बसूली की जा रही है, योजना का विधिवत सफल संचालन किया जा रहा है, सम्मानित करने के निर्देश दिए। जल निगम मर्यादित को डिण्डौरी में कार्यालय स्थापित करने एवं ग्रामवासियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।





### जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# मुख्य समारोह में मंत्री श्री पटेल ने किया ध्वजारोहण



## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मनमोहा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामों से लेकर जिला मुख्यालय तक जगह- जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर स्टेडियम ग्राउन्ड पर आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात उन्होंने समृद्धि के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारों को भी आकश में छोड़ा। इस अवसर पर बैंड द्वारा जन-गण-मन की धुन प्रस्तुत की गई और मध्यप्रदेश गान हुआ।



### मुख्यमंत्री के संदेश का किया गया वाचन

परेड कमाण्डर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी भी ली। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के पश्चात परेड दलों द्वारा जयघोष एवं हर्षफायर किया गया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल 6 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी सीनियर विंग्स गर्ल्स एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर, एनसीसी जूनियर विंग्स ब्वायज शा. उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, एनसीसी जूनियर विंग्स गर्ल्स शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, एनएसएस ओपन यूनिट नरसिंहपुर, एनएसएस सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर, रेडक्रास गर्ल्स शास. एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर, स्काउट गाइड शास. एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर और शौर्या दल महिला सशक्तिकरण नरसिंहपुर दल के सदस्यों की संयुक्त परेड द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया।



### विभागों द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकियां

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा जिला व प्रदेश के विकास की थीम पर विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई। यातायात पुलिस द्वारा गुड सेमेरिटन योजना, हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, कृषि विभाग, जिला पंचायत द्वारा विशेष ग्रामसभा व स्वच्छता, वन विभाग द्वारा छात्रों को वन का भ्रमण व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने, सतपुड़ा बाबेर संग्रहण, रस्सी एवं हस्तकला निर्माण केन्द्र गोटीटोरिया, जनजातीय कार्य विभाग, मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएचई विभाग, रेशम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेल विभाग व अन्य विभागों द्वारा मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

### अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित

मंत्री श्री पटेल ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों/ पुलिस/ व्यक्तियों/ संस्थाओं को पुरस्कृत किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट परेड के लिए विशेष सशस्त्र बल 6 वीं बटालियन को प्रथम और परेड छात्र/ छात्रा दल में एनसीसी सीनियर विंग गर्ल्स एमआईएमटी कॉलेज नरसिंहपुर को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित की गई झांकियों में कृषि विभाग को प्रथम, जेल विभाग को द्वितीय और स्वास्थ्य विभाग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शास. एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर को प्रथम, सीएम राइज शासकीय एसडीएम कन्या उमावि नरसिंहपुर को द्वितीय और शास. उमावि खमरिया- झांसीघाट को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

In the court of iii civil judge senior Division, District court Narsinghpur

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC / 0000002/2024)

रोहित विश्वकर्मा...................... आवेदक

Vs

शाखा प्रबंधक ...................... अनावेदक

प्रो. नं.-48/2024

Process- Id /2024

पेशी दिनांक -12/02/2024

प्रेषिती

आम जनता जिला नरसिंहपुर

2 आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक रोहित विश्वकर्मा पता ने मृतक श्रीमति मीना विश्वकर्मा निवासी महादेव वार्ड क्रमांक 02 करेली तह. करेली जिला नरसिंहपुर म. प्र. की राशि संपति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 फरवरी 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 फरवरी 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह तारीख 19 जनवरी 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

पद मुद्रा

श्रीमती संगीता भारती राठौर
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
नरसिंहपुर म. प्र.

नोट - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर संगठित भाव से काम करने की जरूरत'

**तेंदूखेड़ा-** नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनावों को लेकर तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित पूर्व विधायक संजय शर्मा के राजमार्ग स्थित कार्यालय परिसर में संसदीय क्षेत्र प्रभारी दिग्विजय सिंह डबली भैया की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर काफी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि ईमानदारी से संगठित भाव से काम करने की जरूरत है, तथा विधानसभा चुनाव में जिन पदाधिकारियों और मंडलम सेक्टर बूथ स्तर के प्रभारियों द्वारा गड़बड़ी की गई है उनसे सबक लेने के साथ पहले तो उन पर संगठन का डंडा चलना चाहिए।जो कार्यकर्ता दोनों तरफ रहकर विश्वास घात कर रहे हैं ऐसे कार्यकर्ता या तो स्वयं दूर हो जायें या फिर संगठन कार्यवाही करे। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन जनप्रतिनिधियों के गांव के कार्यकर्ताओं से अच्छे तालमेल नहीं है उनका मिल बैठकर सामाजस्य स्थापित करा दिया जाये। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, सुनील जैन, प्रदीप रघुवंशी,संतोष पटेल, किशोर राय,रवि नामदेव,सौरभ शर्मा, महेंद्र पटेल संदीप पटेल डा देवेन्द्र प्रताप सिंह, तथा महिला कांग्रेस की प्रीति मिश्रा ने भी अपनी अपनी बात रखते हुए सिद्धांतों की राजनीति खत्म होने, कांग्रेस आंदोलन और संघर्ष की पार्टी, जीतना हारना चलते रहने, महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों को जनता के मानस पटल पर रखने भाजपा असली मुद्दों से भटकाने, लोकतंत्र को बचाने,देश व्यापी लड़ाई लड़ने जैसे महत्वपूर्ण विंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। संचालन ओमप्रकाश पटेल ने किया।इस मौके पर दिनेश तिवारी, बसंत मणी पांडे,कीरत पटेल,अजय दुबे, सूर्यकांत दिवगैंया, प्रीतमसिंह पटेल,शोभरन सिंह, कमलेश पुजारी, यशवंत आचार्य,अजय शर्मा, राजकुमार तिवारी के साथ साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएम राइज विद्यालय डोभी में विधायक ने किया ध्वजारोहण

**डोभी-** सीएम राइज शासकीय विद्यालय डोभी मे गणतंत्र दिवस परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा ध्वजारोहण कर शांति के प्रतीक गुब्बारों का उड्डयन किया। तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। संस्था प्राचार्य द्वारा अपनी संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये पिछले परीक्षा परिणामों को विस्तार से रखा तथा कमियों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने की मांग भी रखी गई। शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों के पूर्व ग्राम की सभी शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से प्रभात फैरियां निकाली गई। इस मौके पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि हम सब आज उस महान पर्व को मना रहे हैं जो हमें सैकड़ो वर्षों की गुलामी के बाद प्राप्त हुआ है, 75 वा गणतंत्र दिवस इसलिए भी खास है क्योंकि हमने कुछ दिवस पूर्व ही अपने आराध्य प्रभु श्री राम को अपने अयोध्या धाम में पुनः मंदिर निर्माण के साथ स्थापित कराया है, जो हमारी सनातन परंपरा का प्रतीक है।

कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा म.प्र.नगर पंचायत परिषद सांईखेड़ा की ओर से नगरवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।
* जन्म-मृत्यु पंजीयन 21 दिन के अंदर अवश्य कराए* कचरा निर्धारित स्थल पर ही एकत्रित करते हुए स्वच्छता में सहयोग करे* खुले में शौच न करें* विवाह पंजीयन आवश्यक रूप से कराते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लें* उपभोक्ता अपने समस्त करों का भुगतान समय पर करते हुए नगर के विकास में सहयोगी बने* पानी अमूल्य है इसको बर्बाद न करें* ग्रीन सालीचौका, क्लीन सालीचौका* नगर परिषद ने ठाना है, स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाना है।
श्रीमति स्वाती/सचिन अग्रवाल अध्यक्ष नगर परिषद सांईखेड़ा
डी.पी.साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा
श्रीमति सिंधु/जितेन्द्र पटेल उपाध्यक्ष नगर परिषद सांईखेड़ा
नि.-समस्त पार्षदगण व उपयंत्री कर्मचारी नगर परिषद सांईखेड़ा, जिला- नरसिंहपुर
सौ.:-नगर परिषद सांईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर म.प्र.

गणतंत्र दिवस पर देश के वीर शहीदों को नमन..., गणतंत्र दिवस अमर रहे.....
*अपील* पुलिस चौकी सालीचौका अपराध रोकनेमें पुलिस को सहयोग प्रदान करे,* *सदा ही अपने दो पहिया वाहन हेलमेट लगाकर चलाये* *नशा की बुरी आदत से दूर रहते हुये समाज को नशा मुक्त बनाये*
मा. अभिषेक पटेल चावी प्रभारी
नि. चौकी प्रभारी एवं समस्त स्टाफ
सौ - पुलिस चौकी सालीचौका

गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई
प्रमोद पाल सचिव ग्राम पंचायत अर्जुनगांव
श्रीमति लीला/ओम पटेल सरपंच अर्जुनगांव
दुर्गेश वर्मा सहायक सचिव ग्राम पंचायत अर्जुनगांव
निवेदक :- समस्त पंच व ग्राम वासी ग्राम अर्जुन गांव
सौ. :-ग्राम पंचायत अर्जुनगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
*गणतंत्र दिवस की 75 वी वर्षगांठ की शुभकामनायें *राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय शासन के नियमों का पालन करें। *अपने घरों के आसपास सफाई अवश्य रखें। *नगर पालिका की समस्त करों का भुगतान समय पर करें। *घरों से निकलने वाला कचरा, कचरा वाहन मे ही डाले। *पॉलिथिन पूर्णतः प्रतिबंधित है क्रय विक्रय एवं उपयोग ना करें। *अपने गोटेगांव को स्वच्छता मे नंबर 1 बनायें।
श्रीमती पूनम जितेन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोटेगांव
श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोटेगांव
सुश्री साक्षी वाजपेयी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गोटेगांव
पार्षदगण - श्रीमती रजनी राजेन्द्र राय, पूजा राजू राजपूत, मनीष जैन, श्रीमती नमिता कमल पटेल, प्रताप ठाकुर राजा, श्रीमती कलावती दीनू छिरा, श्रीमती माया बिहारी चांदोरिया, जितेन्द्र चौबे, श्रीमती अंजनी दीपक सोनी, जितेन्द्र पुरोहित, दुलीचंद विश्वकर्मा, श्रीमती वर्षा जगदीश श्रीवास, श्रीमती संगीता सतीश अग्रवाल एवं समस्त नगर पालिका परिवार गोटेगांव जिला नरसिंहपुर।

भारत के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर क्षेत्र की जनता को हार्दिक शुभकामनायें...
जानकी विहार कालोनी एवं बालाजी डेवलपमेंट
सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी
नि.- संचालक एवं समस्त स्टाफ
सौ.:- जानकी विहार कालोनी एवं बालाजी डेवलपमेंट सांईखेड़ा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तन मन धन, सबसे ऊपर वन
वनों को आग से बचायें, अधिक से अधिक वृक्ष लागायें
दिलीप नामदेव सौ. नीतेश पुरोहित, नीतेश मेहरा, यशवंत जाटव समस्त स्टॉफ सहायक वन परिक्षेत्र मुंगवानी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तन मन धन, सबसे ऊपर वन
वनों को आग से बचायें, अधिक से अधिक वृक्ष लागायें
रामेश्वर पटेल सहायक वन परि. अधिकारी बचई
सौ. विलास कुमार बीट प्रभारी बचई, केवल प्रजापति बीट प्रभारी भालपानी, श्रीमती मनीषा मेहरा बीट प्रभारी मुंडरई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डीपी मेहरा
सहायक वन परि. अधिकारी गोरखपुर
सौ. उमाशंकर मेहरा, कमलेश मेहरा वनरक्षक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सब पढ़े, सब बढ़े - शिक्षा पर सबका अधिकारी
श्री इंजी. प्रसून धौरेलिया, चेयरमेन
श्रीमती इंजी. सोनाली धौरेलिया, डायरेक्टर
बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव
रोशन धौरेलिया वर्ल्ड स्कूल दादा महाराज नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओ.पी.दिक्षित प्रशासक
अजय जैन प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति करकबेल जिला नरसिंहपुर

गिरीराज एसोसिएशन की ओर से आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, अर्जुन सिंह राजपूज
मिथिलेश सिंह राजपूत, अखिलेश सिंह राजपूज
सौं. गिरीराज एसोसिएशन नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश सोनी राज्य सभा सांसद
बन्ने खान भाजना नेता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सब पढ़े, सब बढ़े - शिक्षा पर सबका अधिकारी
शैलेंद्र बक्शी प्रचार्य
बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव
समस्त स्टॉफ हाई स्कूल शेढ़ खापा जिला नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओ.पी.दिक्षित प्रशासक
अजय जैन प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति करकबेल जिला नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित बलिवार
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलबध
श्रीधाम हास्पिटल गोटेगांव जिला नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति अनीता/सुरेंद्र मोहन नेमा
अध्यक्ष नगर शसाकीय समिति करेली
समस्त स्टॉफ सीएम राईज स्कूल करेली

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति सुलेखा/नेतराम जाट सरपंच
जलील खान रोजगार सहायक
श्रीमती रजनी चौबे सचिव
समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत खैरी महलपुरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शभकामनाएं
गणतंत्र दिवस अमर रहें। सदा ऊंचा रहे तिरंगा हमारा।। विश्व प्यारा झंडा हमारा ।।
श्रीमती प्रभा/पन्ना कोरी सरपंच
राजेश लोधी सचिव
समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पिपरिया लिंगा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सब पढ़े,सब बढ़े-शिक्षा पर सबका अधिकार
फादर बाबू जॉन (प्राचार्य)
स्टॉफ चावरा विद्यापीठ खैरीनाका नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राकेश कुमार बोहरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
डॉ. ए. आर. मरावी सिविल सर्जन
समस्त स्टाफ स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणतंत्र दिवस अमर रहें। सदा ऊंचा रहे तिरंगा हमारा।। विश्व प्यारा झंडा हमारा ।।
उमेश कटहरे (उप संचालक कृषि)
समस्त स्टाफ कृषि विभाग नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सब पढ़े,सब बढ़े-शिक्षा पर सबका अधिकार
एच. पी. कुर्मी (जिला शिक्षा अधिकारी)
सौ.- समस्त स्टॉफ शिक्षा विभाग नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सब पढ़े,सब बढ़े-शिक्षा पर सबका अधिकार
प्रभात कुमार मिश्रा (प्राचार्य)
सी. एम. राइज स्कूल नरसिंहपुर
सौ.- समस्त स्टॉफ सी. एम. राइज स्कूल नरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओ. पी. दीक्षित प्रशासक
प्रेम पटैल प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति,सिमरी बड़ी, नरसिंहपुर